हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, गुरुवार, 20 फरवरी 2025

तापमान
अधिकतम 25.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

8 नप अध्यक्ष प्रतिनिधि ने जवाहर नगर में किया गली का उद्घाटन



8 रानी तालाब परिसर में बने शौचालय को हटाया



## खबर संक्षेप

### पिस्तौल-दो जिंदा कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

जींद। सीआईए स्टाफ सफीदों ने भूरायण रोड निर्माणधीन धर्मशाला के निकट एक युवक को काबू कर पिस्तौल तथा दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने पकड़े गए आरोपित से पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ सफीदों को सूचना मिली थी कि भूरायण रोड पर निर्माणाधीन धर्मशाला के निकट युवक अवैध असलहा के साथ खडा हुआ है।

### 19 किलो 200 ग्राम डोडा पोस्त सप्लायर गिरफ्तार

कैथल। युवा वर्ग को नशे की लत से बचाने के लिए नशा तस्करों की जड़ मुल तक पहुंचते 19 किलो 200 ग्राम मादक पदार्थ डोडा पोस्त सप्लाई मामले की जांच थाना गुहला पुलिस के एएसआई अमित कुमार की टीम द्वारा करते आरोपी सप्लायर मरोड़ी पंजाब निवासी इंद्रजीत सिंह को काबू कर लिया।

### युवक पर हमला करने के चार आरोपित दबोचे

जींद। जुलाना थाना पुलिस ने गांव लिजवाना कलां चौपाल में लाइब्रेरी मे पढ़ने गए युवक पर हमला कर घायल करने के चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। लिजवानाखुर्द निवासी विजय ने गत 12 फरवरी को पुलिस को दी शिकायत में बताया कि जब वह लाइब्रेरी का दरवाजा खोल रहा था तो उसी दौरान गांव के ही साहिल तथा उसके साथियों ने डंडों तथा बिंडो से हमला कर दिया।

### गाड़ी की चपेट में आने से बाइक चालक घायल

कैथल। कस्बा सीवन में कार की चपेट में आने से एक बाइक चालक घायल हो गया। इस संबंध में पट्टी अफगान कैथल के बालकिशन ने सीवन पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 18 फरवरी को जब वह सायं 7:00 बजे बाइक से जा रहा था तो एक अज्ञात कर चालक ने अपनी कार को तेज गति और लापरवाही से चलते हुए पीछे से उसकी बाइक में टक्कर मार दी।

### सोने की बाली और नकदी चोरी, केस

जींद। डीआरडीए के निकट गोहाना रोड पर युवकों ने बुजुर्ग महिला को बातों में उलझा सोने की बाली, साढ़े पांच हजार की नगदी, मोबाइल फोन को चोरी कर लिया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर दो अज्ञात युवकों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव ढिगाना निवासी बुजुर्ग महिला सावित्री ने पुलिस को शिकायत दी है।

### दुकान से लाखों का सामान चोरी

कैथल। सिविल लाइन पुलिस चोरी का मामला दर्ज किया है। गांव सजूमा के गुरमीत ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि करनाल रोड पर संत निरंकारी सत्संग भवन के निकट दुकान करता है। आरोप है कि 17 फरवरी को रात को चोर दुकान के ऊपर से गेट तोड़कर दुकान में घुसे तथा वहां पर रखे 100000 की नकदी, हार्ड डिस्क, कैमरे, मोबाइल फोन व अन्य सामान चुरा कर ले गए।

### ब्रह्मा कुमारीज का महा शिवरात्रि महोत्सव कल

नरवाना। ब्रह्मा कुमारीज द्वारा 21 फरवरी शाम 4:15 बजे पुरानी अनाज मंडी नरवाना में महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। डीएसपी अमित मुख्यातिथि, मंत्री के सुपुत्र एवं प्रांतीय भाजपा युवा मोर्चा के पदाधिकारी कर्ण प्रताप सिंह विशिष्ट अतिथि एवं जींद क्षेत्र की प्रभारी बीके विजय दीदी अध्यक्षा के तौर पर शिरकत करेंगे।

### बरसाना में महिला के साथ मारपीट की

कैथल। बरसाना में हुई मारपीट में महिला घायल हो गई। अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। बरसाना की शिमला ने शिकायत में आरोप लगाया है कि 16 को गांव के विनोद कुमार, राम दिया, ऋषि, जॉनी और उज्जवल ने मिलकर उसे घर में घुसकर उसके साथ मारपीट की।

---

दो वार्डों में सर्वसम्मति, 11 पार्षद उम्मीदवारों ने वापस लिए नामांकन, चुनाव की फिल्डिंग तैयार, उम्मीदवार द्वार-द्वार

# जुलाना : प्रधान के लिए नौ और पार्षद पद के लिए 32 प्रत्याशी चुनावी मैदान में डटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

## जातीय समीकरण साधने के लिए दिनभर पंचायतों का दौर चलता रहा

जुलाना कस्बे में शहर की सरकार बनाने के लिए सरगर्मियां तेज हो गई हैं। चुनावी ताल ठोकने वाले अब प्रधान पद के लिए नौ व पार्षद पद के लिए 32 प्रत्याशी चुनावी मैदान में डटे हुए हैं। बुधवार को 11 बजे से लेकर तीन बचे तक नामांकन वापस लेने के लिए समय दिया गया था। ऐसे में प्रधान पद के छह उम्मीदवारों ने नामांकन वापस ले लिए। नामांकन वापस लेने वालों में से आनंद लाठर, तरूण गर्ग, शमशेर सिंह, सत्यवान खटकड़, प्रीति और जयभगवान शामिल हैं। चुनावी मैदान में सुनील कुमार, कौशल कुमार, मोहिंद्र सिंह, डा. संजय जांगड़ा, दिनेश कुमार, अमरजीत सिंह, ठंडीराम, जोगेंद्र सिंह और वकील बचे हुए हैं। तीन बजे के बाद प्रधान और पार्षद पद के उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह बांटे गए। एक ही पसंद के चुनाव चिन्ह को देखते पर्चा डालकर निशान वितरित किए गए। दिन भर चला पंचायतों का दौरः बुधवार को प्रधान पद के लिए जातीय समीकरण साधने के लिए पूरा दिन पंचायतों का दौर चलता रहा। इसी को लेकर पूर्व प्रधान की पत्नी प्रीति, पूर्व उपप्रधान शमशेर, आनंद लाठर ने नामांकन वापस लेना पड़ा और वाडों में पार्षदों के सर्वसम्मति के लिए भी जोर लगाया गया लेकिन दो वार्डों को छोड़ कर सर्वसम्मति नही हो पाई। उधर, भाजपा पार्टी से नाराज चल रहे सत्यवान खटकड़ को भी भाजपा नेता मनाने में कामयाब रहे। सत्यवान खटकड़ ने नामांकन वापस ले लिया और भाजपा का समर्थन किया।



जुलाना। चुनाव चिन्ह बांटते रिटर्निंग अधिकारी होशियार सिंह। फोटो :हरिभूमि

### दो वार्डों से पति पत्नी मैदान में

जुलाना नपा के पूर्व उप प्रधान विजय बैरागी और उनकी पत्नी सुमित्रा चुनावी मैदान में हैं। पहले विजय बैरागी वार्ड छह से पार्षद थे। अबकी बार विजय बैरागी वार्ड नंबर 7 से चुनावी मैदान में हैं तो उनकी पत्नी सुमित्रा वार्ड 14 से चुनावी मैदान में हैं। वार्ड 7 बीसी ए के लिए आरक्षित है तो वार्ड 14 महिला के लिए आरक्षित हैं।

### सीवनः तीन ने लिया नाम वापस



सीवन। नपा सीवन चुनाव के लिए चेयरपर्सन के पद के लिए 10 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया था। नाम वापस लेने के दिन इनमें से 3 प्रत्याशियों ने अपना नाम वापस ले लिया। इसके साथ ही सीवन के 16 वार्ड में कुल 92 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया था जिसमें 1 प्रत्याशी का नामांकन रद्द कर दिया था और बाकी 91 में से 9 प्रत्याशियों ने अपना नाम वापस ले लिया है। अब चुनाव मैदान में 16 वार्ड में कुल 82 प्रत्याशी रह गए हैं। इनमें से वार्ड नम्बर 2 में सबसे अधिक 9 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है और सबसे कम वार्ड नम्बर 3 में केवल 2 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। सभी प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न भी आवंटित कर दिए गए हैं।

**पार्षद पद के लिए उम्मीदवार**

वार्ड 1 से मनदीप व सोनिया
वार्ड 2 से राजपाल व कविता
वार्ड 3 से खुशीराम और जितेंद्र लाठर
वार्ड 4 मोनू सर्वसम्मति
वार्ड 5 रीतूए पूजा और सुजाता
वार्ड 6 पवन , संदीप, ओमप्रकाश
वार्ड 7 रामनिवास, राजेश, प्रदीप, विजय
वार्ड 8 से संदीप सर्वसम्मति
वार्ड 9 से सुभाष चंद, राहुल, अजीत, अजय
वार्ड 10 से रामभतेरी, मीना व पूजा रानी
वार्ड 11 से ममता और सोनम
वार्ड 12 से सुमित, भारत व राकेश ।
वार्ड 13 से रजनी, ज्योति, रोशनी व मौसमी
वार्ड 14 से मंजू और सुमित्रा।

**प्रधान पद के उम्मीदवारों के ये चुनाव चिन्ह मिले**

सुनील कुमार : घड़ी
कौशल कुमारः ढोलक
मोहिंद्र सिंह : एसी
डा. संजय जांगड़ा : कमल भाजपा
दिनेश कुमार : कलाई घड़ी
अमजीत सिंह :कुर्सी
ठंडीराम : बस
जोगिंद्र : अलमारी
वकील : क्रेन

## सफीदोंः वार्ड नंबर 14 का उपचुनाव

# तीन में से किसी ने भी नहीं लिया अपना नामांकन वापस

- अजीत कुमार को सीढ़ी, ज्योति देवी को साईकिल व नीरू कुमार को कार चुनाव चिन्ह मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों



सफीदों नगर पालिका के वार्ड नंबर 14 के उपचुनावों के मद्देनजर शुक्रवार को नामांकन उठाने के आखिरी दिन किसी भी उम्मीदवार ने अपना नामांकन पत्र वापस नहीं लिया है। अब इस वार्ड के चुनावी समर में उम्मीदवार ज्योति, नीरू कुमार व अजीत अपना भाग्य आजमाएंगे। रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने बताया कि इस उपचुनावों के लेकर ज्योति देवी, नीरू कुमार व अजीत कुमार ने अपना-अपना नामांकन दर्ज करवाया था। शुक्रवार 19 फरवरी को नामांकन वापस लेनी की आखिरी तारिख थी लेकिन कोई भी उम्मीदवार नामांकन वापिस लेने के लिए नहीं आया। अब ये तीनों उम्मीदवार इस वार्ड के पार्षद का चुनाव लडेंगे। तीनों उम्मीदवारों को उनके चुनाव चिन्ह अलॉट कर दिए गए हैं। उम्मीदवार अजीत कुमार को सीढ़ी, उम्मीदवार ज्योति देवी को साईकिल व उम्मीदवार नीरू कुमार को कार चुनाव चिन्ह प्रदान किया गया है।

---

# मुख्यमंत्री उड़नदस्ता व खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने घी की फैक्टरी में की छापेमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



शहर के बलराज नगर में मुख्यमंत्री उड़नदस्ता व खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने एक घी की फैक्ट्री में दबिश दी। टीम ने दबिश के दौरान रिफाइंड से घी तैयार करने वाले सामान के चार सैंपल लिए। इन सैंपलों को सील करने के बाद जांच के लिए लैब में भेज दिया गया। घी की यह फर्म आरव इंटरप्राइजिज के नाम से है। इसके मालिक चिराग गर्ग हैं। जांच के दौरान फैक्ट्री में अ ग्निशमन यंत्र भी नहीं पाए गए। इस पर दमकल विभाग के अधिकारियों ने मलिक को नोटिस जारी किया और जल्द अग्निशमन यंत्र लगवाने के आदेश दिए। इस दौरान फैक्ट्री में सफाई व्यवस्था भी सही नहीं मिली। हालांकि दबिश के दौरान फर्म के मालिक के पास लाइसेंस मिला, लेकिन मालिक मौके पर मौजूद नहीं था। खाद्य सुरक्षा अधिकारी पवन चहल ने बताया कि सैंपलों को जांच के लिए लैब में भेजा जाएगा। यदि सैंपल फेल मिलते हैं तो फर्म के मालिक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। चहल ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि फैक्ट्री में घटिया क्वालिटी का घी तैयार किया जा रहा है, जो लोगों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। इस शिकायत पर सीएम फ्लाइंग की टीम जांच के लिए पहुंची। घी के सैंपल लेकर जांच के लिए लैब भेजे गए हैं। मामले में सैंपलों की रिपोर्ट आने के बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी।

# गड़बड़ी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगाः : एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल। एसपी राजेश कालिया मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते। फोटो :हरिभूमि

दो मार्च को होने वाले निकाय चुनाव को लेकर एसपी राजेश कालिया ने नगर पालिका पूंडरी व कलायत के सभी बूथों का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पूंडरी में 8 जगह 16 बूथ तथा कलायत में 16 जगह 16 बुथ बनाए गए है। एसपी ने उक्त सभी बूथों का निरीक्षण किया व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दिशा निर्देश दिए। एसपी राजेश कालिया ने कहा कि निकाय चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं स्वतंत्र रूप से संपन्न करवाने के लिए कैथल पुलिस कटिबद्ध है। चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न करवाने के लिए सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए है। सभी मतदान केंद्रों पर आवश्यक पुलिस बल की ड्यूटी लगाई जाएगी। उन्होंने कहा कि मतदाता पूरी निडरता के साथ अपने विवेक व स्वतंत्र रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करें। जहां भी मतदान केन्द्र हैं, वहां पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए जा रहें हैं। जिला पुलिस के खुफिया विभाग द्वारा संदिग्ध किस्म के लोगों पर तथा सोशल मीडिया पर पूरी निगरानी रखी जा रही है। मतदान के दौरान अगर कोई व्यक्ति आमजन को प्रभावित करें तो तुरंत उसकी सूचना पुलिस को दें, ताकि ऐसे लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि चुनाव के दौरान गड़बड़ी करने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा।

**अफवाहों पर ना दें ध्यान**

एसपी ने आमजन से अपील की कि वे किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव में भाग लें। यदि उन्हें किसी भी तरह की समस्या का सामना करना पड़े तो वे तुरंत पुलिस प्रशासन को 112 पर सूचित करें। साथ ही उन्होंने असामाजिक तत्वों को साफ आगाह किया कि अगर चुनाव में किसी तरह के असामाजिक कार्य करने की मंशा रखते है तो संभल जाए वरना पुलिस सख्त से कदम उठाएगी।

### जानलेवा हमला करने के दो आरोपित गिरफ्तार

गुहला-चीका। विवाहिता का अपहरण व परिवार पर जानलेवा हमला करने के एक मामले की जांच स्पेशल डिटेक्टिव युनिट प्रभारी एसआई रमेश कुमार की अगुवाई में एएसआई मोहन लाल की टीम द्वारा करते आरोपी गांव लालपुर निवासी मंगत उर्फ मंगु व राजसिंह उर्फ राजू को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि दुसेरपुर निवासी भाना राम की शिकायत अनुसार उसके बड़े बेटे देशपाल ने मर्जी से 2 दिसंबर 2024 को गांव लालपुर निवासी सरबजीत कौर से लव-मैरिज की थी। इस शादी से लड़की के परिजन सहमत नहीं थे, जिस कारण वे उनसे रंजिश रखते थे। इसी रंजिश के कारण 15 फरवरी को सरबजीत कौर के परिजन 4-5 गाड़ियों व बाइकों पर सवार होकर आए और लाठी, डंडों, गंडासी, तलवार व असला के साथ उनके ऊपर हमला कर दिया।

# चार साल से कटा बिजली कनेक्शन बहाल करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी



गांव हजवाना में जरूरतमंद परिवार की परेशानी को समझते विधायक जांबा।

जनता की सेवा को प्राथमिकता देने वाले विधायक सतपाल जांबा ने एक गरीब परिवार की बड़ी मदद कर मानवता की मिसाल पेश की। हजवाना गांव में 4 साल से बिजली कनेक्शन कटे जरूरतमंद परिवार की परेशानी को समझते विधायक जांबा ने स्वयं उनके बकाया बिल का भुगतान किया और आज ही उनके घर पर नया मीटर लगवाकर बिजली आपूर्ति शुरू करवाई। परिवार के सदस्यों ने इस मदद पर भावुक होकर विधायक जांबा का आभार व्यक्त किया और कहा कि हमने उम्मीद ही छोड़ दी थी कि हमारे घर फिर से रोशनी आएगी, लेकिन विधायक ने हमारी समस्या को समझा और तुरंत समाधान कराया। इस मौके पर गांववासियों ने भी विधायक जांबा की दरियादिली की सराहना की और कहा कि वे न केवल विकास कार्यों में अग्रणी हैं।

### पीएनडीटी के पहले से चल रहे केसों व निर्णय केसों की होगी रिअपील

जींद। नागरिक अस्पताल में बुधवार को सिविल सर्जन कार्यालय में पीएनडीटी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उप सिविल सर्जन डा. पालेराम ने की। बैठक में डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी अनीता व महिला व बाल विकास अधिकारी कांता यादव, पीएनडीटी डीलिंग विशाल पहल, अमित, विजय गोदारा मौजूद रहे। डिप्टी सीएमओ डा. पाले राम ने बताया कि बैठक में प्राइवेट अस्पतालों के एमएसजी रूम स्थानांतरण बारे, नई अल्ट्रासाउंड मशीन के डेमो तथा सरकारी अस्पताल की मशीन के फंक्शनल होने के निरीक्षण बारे एजेंडा रहा। इसके साथ बैठक में पीएनडीटी के पहले से चल रहे केसों व निर्णय हुए केसों की रिअपील करने बारे में निर्णय लिया गया।

## जींद की बेटी रेखा गुप्ता के सीएम बनने की खुशी...



जींद। दिल्ली की नई सीएम के ऐलान के बाद एक दूसरे को मिठाई खिलाते कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

---

गरज चमक के साथ बूंदाबांदी तथा हवा की गति तेज की संभावना

# आकाश में छाए बादल, बूंदाबांदी के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। खेत को देखते किसान। फोटो :हरिभूमि

परिवर्तनशील हुए मौसम के चलते बुधवार दोपहर तक मौसम साफ बना रहा और धूप भी निकली रही। बाद में मौसम ने करवट ली और आकाश में बादलों को जमावड़ा हो गया। जिसके चलते बूंदाबांदी के आसार बन गए। जिससे ठंड का अहसास भी होता रहा। न्यूनतम तापमान में इजाफा दर्ज किया गया। जबकि अधिकतम तापमान में थोड़ी गिरावट दर्ज की गई। बुधवार को अधिकतम तापमान 26 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 14 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 60 प्रतिशत तथा हवा कि गति छह किलोमीटर प्रतिघंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार गरज तथा चमक के साथ बूंदाबांदी की संभावना है। तापमान में भी गिरावट आएगी। बुधवार को दिन का आगाज साफ मौसम के साथ हुआ। सुबह को हवा की गति कुछ तेज रही और धूप खिली रही। दोपहर बाद मौसम ने करवट ली और आकाश में बादल छा गए। जिसके साथ बूंदाबांदी के आसार बन गए। हवा की गति भी 13 किलोमीटर प्रति घंटा तक जा पहुंची।

**किसान चिंतित, तापमान में आएगी गिरावट**

मौसम के बदले तेवरों से किसान चिंतित है। उन्हें बूंदाबांदी से खतरा नही बल्कि हवा की तेज गति है। तापमान में गिरावट फायदेमंद है। गेहूं में बालियां आ रही हैं, सरसों पकाव की तरफ जा रही है। अगर ऐसे हालात में बूंदाबांदी के साथ तेज हवा चलती है, तो फसल पसर जाएगी। मौसम विभाग के अनुसार रात को हवा की गति तेज होने तथा गरज-चमक के साथ कहीं-कहीं पर बूंदाबांदी की संभावना है। जिसके चलते तापमान में गिरावट आएगी। मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि मौसम परिवर्तनशील बना हुआ है। हवा की गति तेज हो सकती है। बूंदाबांदी की संभावना है। तापमान में भी गिरावट आएगी। किसान मौसम को देखते हुए फसलों में पानी न दें।

# सेवा के अधिकार एक्ट के तहत सफीदों पालिका को लगा 500 रुपये जुर्माना

- पीड़ित ने राईट टू सर्विस कमीशन में की थी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र देरी से देने के मामले में सेवा के अधिकार अधिनियम के तहत सफीदों पालिका को 500 रुपये जुर्माना लगाया गया है। सफीदों के वार्ड नंबर 14 निवासी मयंक ने राज्य सेवा आयोग में शिकायत देकर कहा था कि उसने 12 अक्तुबर 2023 को शादी प्रमाण पत्र बनवाने के लिए नगरपालिका सफीदों में आवेदन किया था। जिसके बाद में वह 23 अक्तुबर 2023 को नपा सफीदों में गया और संबंधित अधिकारी को प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अपनी फाइल सौंप दी। संबंधित अधिकारी ने फाईल को अच्छे से चैक करके कहा कि फाइल बिल्कुल सही है। अब उसकी फाइल एसडीएम सफीदों व उपायुक्त जींद को मंजूरी के लिए जाएगी। जब वहां से उसकी फाइल वापस आ जाएगी, तब उसको शादी प्रमाण पत्र दे दिया जाएगा। जिसके बाद उसने नपा सफीदों के कई माह चक्कर लगाए। उसे बार-बार यही कहा गया कि उसकी फाईल जींद से नहीं आई है। कई महिने बाद मौके पर मौजूद अधिकारी ने उससे कहा कि उसकी फाइल पर ऐतराज आया हुआ है।

## खबर संक्षेप

### पैतृक गांव में विधायक सम्मान समारोह आज

**जींद।** उचाना भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री के सम्मान में उनके पैतृक गांव कसूहन में 20 फरवरी को सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। सरपंच प्रतिनिधि श्रीकांत कसूहन ने बताया कि पंचायत एवं समस्त गांव के लोगों द्वारा इस सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। विधायक बनने के बाद गांव में उनका सम्मान समारोह आयोजित हो रहा है।

### द्वार बनाए जाने की घोषणा का स्वागत

जींद। माजरा खाप पंचायत ने नगर परिषद द्वारा गोहाना रोड पर पांडू द्वार व जयंती देवी के सामने जयंती द्वार बनाए जाने की घोषणा का स्वागत किया है। पांडू पिंडारा गांव माजरा खाप पंचायत के तहत आता है और महाभारतकालीन व सबसे पुराना गांव है। प्रधान गुरविंदर सिंह ने बताया कि लेकर छह माह पहले माजरा खाप का प्रतिनिधिमंडल नप अध्यक्ष प्रतिनिधि डा. राज सैनी से मिला था।

### गुरूसर में सदस्यता अभियान चलाया

नरवाना। अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा तहसील नरवाना की टीम मास्टर बलबीर सिंह राज्य अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा के नेतृत्व में गांव गुरूसर में सदस्यता अभियान जारी रखे हुए हैं किसान सभा को हर घर से जोडऩे के दौरान मास्टर बलबीर सिंह राज्य अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा ने 94 वर्षीय श्री छैलू राम गुरूसर तहसील नरवाना जिला जींद को किसान सभा की सदस्यता ग्रहण करवाई।

### जींदः गांव हाट से महिला संदिग्ध हालात में लापता

**जींद।** गांव हाट से महिला के संदिग्ध हालात में गायब होने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव हाट निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 11 फरवरी उसकी पत्नी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी पत्नी का कोई सुराग नही लगा।

### मॉक ड्रिल अभ्यास कार्यक्रम आज

**जींद।** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा के मार्गदर्शन में औद्योगिक आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए मॉक अभ्यास के आयोजन को लेकर बुधवार को नगराधीश कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नगराधीश डा. आशीष देशवाल ने की। उन्होंने बताया कि 20 फरवरी को प्रातः 11 बजे स्थानीय वीटा प्लांट में औद्योगिक आपातकालीन मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा।

### ट्रांसफार्मर से कीमती उपकरण चोरी, केस

**जींद।** गांव शाहपुर में बीती रात चोरों ने खेत लगे ट्रांसफार्मर से कीमती ऑयल व अन्य सामान को चोरी कर लिया। सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बिजली निगम के एसडीओ ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि बिजली निगम ने योजना के तहत गाव शाहपुर निवासी विक्रमजीत के खेत में बिजली ट्रांसफार्मर लगाया हुआ हुआ था।

### खेतों से बिजली केबल चोरी, दो पर केस दर्ज

**जींद।** गांव बरसाना खेतों से बिजली केबल चोरी करने पर सदर थाना पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव बरसाना निवासी राजकुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने खेत से सबमर्सिबल केबल को चोरी कर लिया।

### युवा किसान नेताओं से संपर्क करें: सुनील

**नरवाना।** नरवाना के युवा किसान नेता सुनील बदोवाल ने विदेशो से वापस आ रहें युवाओं से अपील करते कहा कि वो हरियाणा संयुक्त किसान मोर्चा की युवा इकाई से सम्पर्क करें जिससे उनको हरियाणा सरकार की कौशल विकास योजना के तहत रोजगार देने के बारे गुहार लगाई जा सके। क्योंकि वो विदेश में रोजगार पाने की चाह में उनका सबकुछ पहले ही गंवा चुके हैं।

## महिला महाविद्यालय: 100 कमरों के हॉस्टल को गिरवाने की चाह में प्रशासन

# खंडहर हॉस्टल को कंडम घोषित करने के बाद तुड़वाने की कवायद

### जीर्णोद्धार के लिए 2013 में 60 लाख रुपये बजट मिला था, गया वापस

एडीसी के सामने रखा प्रस्ताव, हॉस्टल के भवन पर लड़कियों के लिए खेल का मैदान बनाने का प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। राजकीय महिला कॉलेज में खंडहर हुआ हॉस्टल, जिसको गिरवाने की कॉलेज प्रशासन मांग कर रहा है।

प्रियदर्शनी इंदिरा गांधी महिला महाविद्यालय में बने हॉस्टल को कंडम घोषित करवा गिरवाने की मंजूरी को लेकर इंतजार लंबा होता जा रहा है। 100 कमरों के इस हॉस्टल के बाहर कॉलेज प्रशासन ने चेतावनी बोर्ड भी लगाया हुआ है ताकि लड़कियां इसकी तरफ न जाएं। इसके लेंटर से मलबा गिरने के कारण कभी भी हादसा हो सकता है। हॉस्टल को कंडम घोषित करवाने की मांग लंबे समय से चल रही है लेकिन इसकी फाइलें विभागों में ही अटकी हुई है। महिला कॉलेज प्रबंधन हॉस्टल को गिरवा कर यहां पर आट्र्स ब्लॉक या खेल का मैदान बनवाना चाहता है ताकि छात्राओं को खेल की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सकें। जानकारी के अनुसार यह हॉस्टल 1976 में शुरू हुआ था। यह 1988 तक चला। उस समय राजकीय पीजी कॉलेज के विद्यार्थी इसमें रहते थे। इसके बाद दो वर्ष तक हॉस्टल में अन्य गतिविधियां विभिन्न विभागों ने करवाई। 1990 के बाद यह हॉस्टल पूरी तरह से बंद पड़ा है। इसको बंद हुए 35 साल हो चुके हैं।

इसका कोई प्रयोग नहीं हुआ। अब इसकी हालात पूरी तरह से खस्ता हैं। सभी खिड़की व दरवाजों के अलावा लेंटर से मलबा टूट कर गिर रहा है। इसके कारण कॉलेज प्रशासन को यहां पर छात्राओं के साथ हादसा होने का भी डर बना रहता है। खस्ता हालात और देखभाल नहीं होने के कारण यहां पर झाड़ और घास आदि उग गया है। जर्जर हो चुके इस हास्टल भवन के जीर्णोद्धार के लिए 2013 में 60 लाख रुपये की राशि भी मिली थी, लेकिन यह राशि वापस चली गई। इसके बाद कॉलेज प्रशासन ने 2017 को उच्चतर शिक्षा विभाग के निदेशालय को पत्र लिखा। इसमें होस्टल भवन को कंडम बताते हुए लोक निर्माण विभाग से इसके कंडम होने का प्रमाण पत्र जारी करने की मांग की। लोक निर्माण विभाग ने इसकी जांच करते हुए इसे असुरक्षित करार दिया था। 10 लाख रुपये रखी थी मलबे की राशिः हॉस्टल भवन को गिरवा कर बिकने वाले मलबे की राशि उस दौरान पीडब्ल्यूडी ने दस लाख रुपये रखी थी लेकिन इसको तुड़वाया नहीं गया। अब कॉलेज प्रशासन इसको गिरवाने की मांग कर रहा है ताकि यहां पर छात्राओं को खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सकें। फिलहाल कॉलेज के पास खुद का खेल मैदान नहीं है। इसलिए हैंडबॉलए वालीबॉल या दूसरा खेल मैदान बनाया जा सकता है। यह भी छात्राओं के लिए एक सौगात होगी।

#### गिरवाने की जल्द शुरू की जाएगी कार्रवाई

अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य ने बताया कि राजकीय महिला कालेज के खंडहर हुए भवन को गिरवाने के लिए प्राचार्य जयनारायण गहलोत ने बात की है। उनकी तरफ से दस्तावेज मांगे गए हैं। इसके बाद इस खंडहर भवन को गिरवा दिया जाएगा। इसके बाद कॉलेज प्रशासन यहां पर छात्राओं के लिए जरूरी खेल का मैदान या भवन का निर्माण करवा सकता है।



जींद। निर्माण कार्य का उद्घाटन करते डा. राज सैनी। फोटो :हरिभूमि

## नप अध्यक्ष प्रतिनिधि ने जवाहर नगर में किया गली का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नगर परिषद जींद द्वारा जवाहर नगर में चल रहे विकास कार्य के निमित नवनिर्माण गली का उद्घाटन नप अध्यक्ष प्रतिनिधि डा. राज सैनी ने किया। इस गली के निर्माण में लगभग एक करोड़ 93 लाख की लागत आएगी। इसमे मैन गली के साथ ब्रांच गलियों का भी नवनिर्माण किया जाएगा। इस दौरान डॉ राज सैनी ने बताया कि नगर परिषद जींद द्वारा सभी वार्डों में समान विकास कार्यों को लेकर रूप रेखा के मुताबिक विकास किया जा रहा है। नगर परिषद जींद द्वारा लगातार नगर ओर जींद शहर को भव्य और सुंदर बनाने के लिए प्रयासरत है।नगर परिषद अध्यक्षता प्रतिनिधि डा. राज सैनी ने कहा कि सीएम नायब सिंह सैनी के नेतृत्व मे बनी भाजपा सरकार ने सौ दिन में बड़े फैसले लेकर प्रदेश की तस्वीर बदल डाली है। सीएम नायब सैनी के कार्यों की तर्ज पर जींद नगर परिषद भी विकास कार्यों को लेकर कोई कोर कसर नही छोड़ रही है। शहर में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। शहर के विकास के लिए करोड़ों रुपये के टेंडर नगर परिषद द्वारा लगा दिए गए है। जिसके चलते अनेकों जगह विकास कार्य होगे। जिसमें गली निर्माण, ग्रीन बैल्ट, पार्कों तथा सड़कों की दशा सुधारना है। उन्होंने कहा कि जींद में अगर सफाई व्यवस्था की बात की जाए तो बहुत ज्यादा फर्क देखने को मिल रहा है। नगर परिषद जींद निरंतर सफाई व्यवस्था को सुधारने के लिए विषेश रूप से जागरूकता अभियान चलाता है एवं इस मामले में किसी भी प्रकार की कोताही न बरतने के आदेश दिए है। तिरंगा लाइट से शहर की सुंदरता को चार चांद लगा दिए हैं। गोहाना रोड पर सड़क के दोनों तरफ आवश्यकता अनुसार ब्लॉक टाइल लगाई जा रही है ताकि शहरवासियों ओर आने जाने वालों को धूल मिटी से निजात मिल सके। इसके साथ ही कच्चे रास्ते को पक्का करने से यात्रियों को भी आने जाने में परेशानी नहीं होगी। इस मौके पर उप प्रधान नगर परिषद प्रतिनिधि हरविंदर कौशिक, सतपाल कुंडू, प्रदीप सिंगरोहा, महावीर रेढू पार्षद, राममेहर सैनी, गुलशन रोहिला, सोनू सैनी, राकेश इंदौरा के साथ अनेकों वार्ड वासी मौजूद रहे।



नरवाना। कार्यशाला में भाग लेते हुए। फोटो :हरिभूमि

### लक्ष्य पर डटे रहने के लिए प्रेरित किया

**नरवाना।** केएम राजकीय महाविद्यालय नरवाना में प्लेसमेंट सेल के निर्देशन में तीन दिवसीय कार्यशाला का समापन मुख्य वक्ता डॉ सुरेंद्र सिंह के वक्तव्य के साथ हुआ। आज की कार्यशाला में मुख्य रूप से मनोविज्ञान व माइंड पावर विषय पर विचार रखे ।उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि माइंड पावर हमारी मानसिक क्षमताए सोचने की शक्तिए एकाग्रता और आत्म नियंत्रण को प्रभावित करता है। उन्होंने आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच से जीवन में लक्ष्य तय करने के लिए प्रेरित किया। लक्ष्य को ध्यान में रखकर किया गया कार्य कहीं ज्यादा फलदायक होता है। उन्होंने अकबर बीरबलए अल्बर्ट आइंस्टीनए अब्दुल कलाम आजाद आदि के उदाहरणों के द्वारा अपने लक्ष्य पर डटे रहने के लिए प्रेरित किया। डॉ सुरेंद्र ने अध्यापन कार्य व परीक्षा के दिनों में तनावए चिंता और अवसाद जैसी मानसिक स्थितियों से उबरने के लिए माइंड पावर के सही उपयोग के बारे में भी बताया। माइंड पावर को विकसित करने से अपनी जिंदगी को बेहतरीन बना सकते हैं तथा मनोवैज्ञानिक रूप से मजबूत व स्वस्थ बन सकते हैं। कार्यक्रम के समापन पर प्राचार्या डॉ मीनू सिंह ने विद्यार्थियों की स्मरण शक्ति के लिए ध्यान और योग को महत्वपूर्ण बताया।

### समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का तुरंत करें निपटारा

**जींद।** नगराधीश डा. आशीष देशवाल ने समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतों की सुनवाई करते अधिकारियों को इन शिकायतों के तुरंत निपटारे के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार लोगों की शिकायतों के शीघ्र निपटारे के उद्देश्य से हर कार्य दिवस समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। डा. आशीष देशवाल ने यह निर्देश बुधवार को अपने कार्यालय समाधान शिविर में आम जनता की शिकायतों की सुनवाई करते हुए दिए। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी प्रतिदिन समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का शीघ्र से शीघ्र निपटारा सुनिश्चित करें ताकि लोगों की असुविधाओं को दूर करके उन्हें राहत दी जा सके। प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न पेंशन योजनाएं, कन्या राशि, मकान नवीनीकरण, छात्रवृति योजनाएं सौर ऊर्जा, पंजीकृत मजदूरों की योजनाएं, स्वास्थ्य से संबंधित, महिला सशक्तिकरण आदि विभिन्न वर्गों के कल्याण के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं विभिन्न विभागों द्वारा चलाई जा रही हैं। ऐसे में अधिकारी पात्र एवं जरूरतमंद लोगों को इन योजनाओं का समय पर लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर में 21 शिकायतें समाधान के लिए रखी गई थी।



जींद। शिकायतों का समाधान करते सीटीएम। फोटो :हरिभूमि

## सुप्रीम स्कूल में छत्रपति शिवाजी जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई

- छात्रों को छत्रपति शिवाजी महाराज के वीरतापूर्ण जीवन से करवाया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। कार्यक्रम को संबोधित करते प्राचार्य सत्येंद्र त्रिपाठी। फोटो :हरिभूमि

एकता नगर स्थित सुप्रीम स्कूल में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस विशेष आयोजन की अध्यक्षता स्कूल के प्राचार्य सतेंद्र त्रिपाठी ने की। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य ने छात्रों को छत्रपति शिवाजी महाराज के वीरतापूर्ण जीवन, उनके दृढ़ संकल्प और न्यायप्रिय शासन के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि शिवाजी महाराज का जीवन साहस, नेतृत्व और अपने लोगों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का उदाहरण है। उनकी प्रशासनिक नीतियों और रणनीतियों ने न केवल मराठा साम्राज्य की नींव रखी बल्कि भारतीय इतिहास की दिशा भी बदल दी। उनकी महान उपलब्धियां आज भी लाखों लोगों को प्रेरित करती हैं और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक बनी हुई हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यापकगण एवं छात्र व छात्राएं उपस्थित रहे।



जींद। हिंदू कन्या कॉलेज में स्वच्छता अभियान चलाती छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

### कन्या कॉलेज में छात्राओं ने चलाया सफाई अभियान

**जींद।** हिंदू कन्या कॉलेज में स्वच्छ हरियाणा मिशन के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान स्वयं सेवकों ने कॉलेज परिसर में सफाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डा. पूनम मोर ने की। उन्होंने कहा कि छात्राओं ने पूरे जोश के साथ कॉलेज परिसर में साफ - सफाई की और सूखे कूड़े को नीले रंग के कूड़ेदान में तथा गीले कूड़े को हरे रंग के कूड़ेदान में डाला। उसके बाद छात्राओं ने पूरे कॉलेज परिसर में भरपूर जोश के साथ साफ -सफाई का कार्यक्रम चलाया। इस गतिविधि में 20 छात्राओं ने भाग लिया और कॉलेज परिसर की सफाई में अपना सराहनीय योगदान दिया।

## आरोपित को रिहा करने के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। चिकित्सकों से बातचीत करते सीजेएम। फोटो :हरिभूमि

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला कारागार में हैल्प चैकअप कैम्प व जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मोनिका ने जिला कारागार में जेल लोक अदालत का आयोजन किया । जेल लोक अदालत में दो मामले विचाराधीन रखे गए। जिसमें से एक मामले का निपटारा कर आरोपित को रिहा करने के आदेश पारित किए गए। उन्होंने बताया कि जेल लोक अदालत महीने के पहले बुधवार व तीसरे बुधवार को लगाई जाती है। प्राधिकरण सचिव ने जिला कारागार का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कैदियों हवालातियों को उनके केसों में आ रही मुश्किलों को सुना व समस्याओं के समाधान संबंधी जानकारी दी। इसके अलावा सीजेएम ने जेल में बंद कैदियों से अपील की कि यदि किसी व्यक्ति को अपने केस की पैरवी के लिए वकील की जरूरत है तो वह मुफ्त कानूनी सेवाएं के लिए प्राधिकरण के अधीन वकील की सेवाएं ले सकते है तथा अपराधी की प्रीमेच्योर छुट्टी रद्द हो जाती है तो वह भी मुफ्त कानूनी सहायता लेने का हकदार है। इस संबंध में लिखित दरखास्त जेल प्रशासन के माध्यम से या न्याय रक्षक के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में भेजनी होती है। प्राधिकरण सचिव ने बताया कि जिला कारागार हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया।



जींद। स्वच्छता को लेकर जागरूकता अभियान चलाते हुए। फोटो :हरिभूमि

### स्वच्छता को लेकर नपा ने चलाया विशेष अभियान

**जींद।** उचाना नगर पालिका उचाना क्षेत्र में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 को मध्यनजर रखते हुए सचिव अरविंद कुमार द्वारा दिए गए दिशा निर्देश में रेलवे अंडरपास से पुलिस चौकी तक क्लीननेस ड्राइव चलाई गई। दुकानदारों को प्लास्टिक न प्रयोग करने का आह्वान किया गया और दुकानों पर हरे ओर नीले डस्टबिन रखने को बोला ताकि गीला व सूखा कचरा अलग अलग किया जा सके। कचरा एक गंभीर विषय बन चुका है जिसके कारण शहर की सुन्दरता व लोगों का स्वास्थ्य दिन प्रतिदिन खराब होता जा रहा है। कचरे को रोका नहीं जा सकता परंतु उसे कम किया जा सकता है। अपने निजी जीवन में कचरे को कम करने के काफी सारे सुझाव कर्मचारियों द्वारा दिए गए जिसमें वेस्ट टू आर्ट एक अच्छा उदाहरण है। नगर पालिका उचाना द्वारा समय समय पर स्कूलों में प्रोग्राम करवाएं जा रहे है ताकि बच्चों को भी इस विषय पर चर्चा करने का मौका मिले और अधिकारी इसके बारे में उचित जानकारी बच्चो तक पहुंचाए। स्वच्छ भारत मिशन हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कचरे को कम करने के लिए ही चलाया गया था जो अब एक आंधी की तरह पूरे भारत वर्ष में फैल गया है। आमजन से भी यही आव्हान किया जा रहा है वे अपने शहर की स्वच्छ व सुंदर रखने में अपनी भागीदारी दें।



जींद। पौली में किसानों को जानकारी देते डा. प्रीति मलिक व अन्य। फोटो :हरिभूमि

### किसान प्राकृतिक खेती अपना कर बढाएं पैदावार

**जींद।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र जींद द्वारा गांव पौली में प्राकृतिक खेती पर ग्रामस्तरीय जागरूकता कैंप का आयोजित किया गया। हमेटी के प्राकृतिक खेती के प्रशिक्षक डा. सुभाष चंद्र ने किसानों से प्राकतिक खेती अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने बताया की प्राकृतिक खेती आज की आवश्यकता है। इससे मिट्टी की उर्वरा शक्ति बनी रहती है। इस अवसर पर जिला विस्तार विशेषज्ञ डा. प्रीति मलिक ने किसानों को प्राकृतिक खेती करने का आह्वान किया तथा प्राकृतिक खेती के तरीकों से अवगत करवाया। बीजामृत, जीवामृत व घनजीवामृत बनाने की विधि के बारे में किसानों को जानकारी दी। उन्होंने प्राकृतिक खेती के विभिन घटकों पर प्रकाश डाला तथा किसानों से इस पद्धति से खेती करना का आग्रह किया। पंजाब नेशनल बैंक सच्चाखेड़ा से आए डा. रमन ने किसानों को बैंक द्वारा दी जाने वाली वित्तीय सुविधाओं के बारे में जानकारी दी और किसानों को स्कीमों का लाभ लेने का आह्वान किया।

### पानी के चैनल की सफाई का चलाया अभियान

# रानी तालाब परिसर में बने शौचालय को हटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद





रानी तालाब परिसर मे बनाए गए शौचालय को पीडब्ल्यूडी विभाग ने जेसीबी मशीन की सहायता से गिरा दिया। निर्माण के बाद से शौचालय बदहाल था। रानी तालाब के सौंदर्य को भी बिगाड़ रहा था। शौचालय के हटने से रानी तालाब का नजारा भी साफ देखने को मिलेगा। लोगों को भी दिक्कत न हो इसको लेकर अर्जुन स्टेडियम तथा नेहरु पार्क के साथ शौचालयों को निर्माण किया गया है। वहीं रानी तालाब के पानी चैनल को भी साफ किया गया है ताकि पानी चैनल से रानी तालाब में पहुंच सके। गौरतलब है कि डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने रानी तालाब के सौंदर्य को लेकर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए थे। रानी तलाब पर बना शौचालय इसमें बाधा बना हुआ था। जिसका उपयोग भी नही हो पा रहा था। शौचालय के कारण रानी तालाब का नजारा भी दिखाई नही दे रहा था। रानी तालाब के बीच बने मंदिर के चलते शौचालय से लोगों की भावनाएं भी आहत हो रही थी। बुधवार को पीडब्ल्यूडी ने जेसीबी की सहायता से शौचालय को गिरा दिया। वहीं अन्ना टीम मे रानी तालाब में पानी पहुंचाने के लिए नगर परिषद कर्मियों के साथ चैनल का सफाई अभियान चलाया। मैन हाल की भी साफ सफाई की गई। ताकि पूरा पानी रानी तालाब मे पहुच सके। अन्ना टीम के सुनील वशिष्ठ ने बताया कि रानी तालाब से शौचालय को हटा दिया गया है, साथ ही चैनल की सफाई की गई है। ताकि पूरा पानी रानी तालाब मे पहुंच सके। पीडब्ल्यूडी विभाग के एक्सईएन राजकुमार नैन ने कहा कि नगर परिषद की तरफ से उनको पत्र मिला था। इसके लिए नियमानुसार कार्रवाई की गई है। शौचालय को तोड़ दिया गया है।

## खबर संक्षेप

### खेलों का ट्रायल करनाल में तीन मार्च को होगा

**कैथल।** जिला खेल अधिकारी राज रानी ने बताया कि अखिल भारतीय सिविल सेवा टेबल टेनिस प्रतियोगिता (पुरूष व महिला) 2024-25 का आयोजन 16 मार्च से 20 मार्च तक थायागरज स्टेडियम में करवाया जा रहा है। क्रिकेट प्रतियोगिता (पुरूष) 2024-25 का आयोजन 17 मार्च से 24 मार्च तक भारत नगर क्रिकेट ग्राउंड, अशोका विहार, विकासपुरी क्रिकेट ग्राउंड जी-ब्लॉक सोनिया पीवीआर के पीछे नई दिल्ली, सैंटर्ल सेक्रेटेरियट क्रिकेट ग्राउंड विनय मार्ग चाणक्यपुरी, एसबीवी शकुपुर क्रिकेट ग्राउंड ब्रिटानिया चौक दिल्ली में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हरियाणा की ओर से भाग लेने वाले खिलाड़ियों का चयन 3 मार्च को होगा। टेबल टेनिस खेल के लिए ट्रायल का स्थान करनाल तथा क्रिकेट के लिए ट्रायल का स्थान कर्ण स्टेडियम करनाल रहेगा।

### दहेज प्रताड़ना के आरोप में मामला दर्ज

**कैथल।** महिला पुलिस कैथल ने दहेज प्रताड़ना के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। खुराना रोड कैथल की एक महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि उसकी शादी 7 मार्च 2024 को चंडीगढ़ के लोकेश के साथ रिती रिवाज में कर हुई थी। आरोप है कि उसकी शादी में उसके माता-पिता ने अपनी हैसियत से बढ़कर दान दहेज भी दिया था लेकिन वर पक्ष के लोग और अधिक दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ति करते थे तथा मारपीट भी करते थे। हर रोज की मारपीट से परेशान होकर वह अपने मायके लौट आई और पुलिस को शिकायत की। मामले की जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल निर्मला देवी ने बताया कि पुलिस ने विवाहिता की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### लाइसेंसी हथियार तुरंत जमा करवाएं : प्रीति

**कैथल।** जिलाधीश प्रीति ने दो मार्च को होने वाले निकाय चुनाव के मद्देनजर कलायत, सीवन व पूंडरी नगर पालिका के सभी लाइसेंस शुदा हथियार धारकों को आदेश जारी किए हैं कि वे अपने हथियार नजदीकी थानों व पंजीकृत हथियार डीलरों के पास जमा करवा दें। जिलाधीश प्रीति ने अपने आदेशों में कहा है कि लाइसेंसी हथियार धारक तुरंत प्रभाव से अपने समीप के पुलिस स्टेशन में जाकर बंदूक, रिवाल्वर, पिस्तौल आदि जमा करवा दें। चुनाव प्रक्रिया के दौरान किसी व्यक्ति के पास हथियार पाया जाता है या कोई व्यक्ति घातक शस्त्र लेकर घूमता हुआ मिलता है तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान किसी भी तरह से व्यक्ति को बाधा या चोट पहुंचाने और संपत्ति को खतरा, सार्वजनिक शांति और शांति में बाधा उत्पन्न होने की संभावना होती है। इसके चलते किसी भी आग्नेयास्त्र और हथियार ले जाने पर रोक लगाना व लाइसेंसधारियों के कब्जे में सभी आग्नेयास्त्रों को संबंधित पुलिस स्टेशनों या पंजीकृत हथियार डीलरों के पास जमा कराना आवश्यक है ताकि निकाय चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाया जा सके।

### गलत सिंबल देने के विरोध में समर्थकों ने जमकर बवाल काटा

# चुनाव अधिकारी के खिलाफ नारेबाजी कर जताया विरोध

### चुनाव अधिकारी से चूक : पहले दिया उदयमान सूर्य फिर मिली कैंची

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पूंडरी

निकाय चुनाव में पूंडरी नगर पालिका के लिए अध्यक्ष पद के प्रत्याशी को चुनाव चिन्ह बदले जाने को लेकर लोगों ने चुनाव अधिकारी के खिलाफ नारेबाजी कर रोज जताया। निर्दलीय प्रत्याशी के रूप चुनाव लड़ रही गुड्डी देवी को चुनाव अधिकारी द्वारा गलत सिंबल देने के विरोध में शहरवासियों ने जमकर बवाल काटा। नपा में आज नाम वापिस लेने और सिंबल देने का दिन था। शाम को जब चुनाव अधिकारी व एसडीएम अजय सिंह सिंबल बांट रहे थे तो उन्होंने निर्दलीय प्रत्याशी गुड्डी देवी को उदयमान सूर्य का चुनाव चिन्ह दे दिया। करीब एक घंटे बाद प्रशासन ने गुड्डी देवी के पति को फोन करके बताया कि उन्हें ये चुनाव चिन्ह गलती से दे दिया गया और अब वे नपा आकर दूसरा चुनाव चिन्ह ले लें। ये सुनकर गुड्डी देवी के समर्थक भड़क गए और सैकड़ों की तादाद में नपा कार्यालय पहुंच गए, जिसमें महिलाएं भी शामिल थी। नगर पालिका पहुंचकर गुड्डी देवी के समर्थकों ने सरकार व जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और आरोप लगाया कि प्रशासन जानबूझ कर उन्हें परेशान कर रहा है ताकि वे किसी तरह से मैदान छोड़ दे। उन्होंने कहा कि कल गुड्डी देवी के नामांकन को रद्द करने का प्रयास किया गया और आज चुनाव चिन्ह को लेकर उन्हें परेशान किया गया व आरोप लगाया कि ये सब भाजपा प्रत्याशी को फायदा दिलाने के लिए किया जा रहा है। समर्थकों के बवाल को देखकर पुलिस को मौके पर बुलाया गया और एसडीएम ने बाहर आकर लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की लेकिन लोग शांत नहीं हुए। फिर उन्होंने लोगों के सामने स्वीकार किया कि गलती उनकी तरफ से हुई है और वे अपील करते है एक बार शांत होकर उनकी बात सुन लें। बाद में उन्होंने गुड्डी देवी के पति कुलदीप सैनी और चार गणमान्य लोगों को बात करने के लिए बुलाया। एसडीएम ने कहा कि ये चुनाव चिन्ह चेयरपर्सन को दिये जाने वाले चिन्ह की सूची में नहीं है। इसलिए सूची के अनुसार कोई दूसरा चुनाव चिन्ह चुन लें। कुलदीप सैनी ने कहा कि उन्होंने उदयमान सूर्य के पोस्टर भी छपने दे दिये और प्रचार रिक्शा वाला पूरे शहर में दो बार चक्कर लगाकर चुनाव चिन्ह का प्रचार कर दिया है। अब ऐसे में यदि चुनाव चिन्ह बदलता है तो उन्हें बहुत फर्क पड़ेगा। मौके पर मौजूद सभी अधिकारियों ने कुलदीप सैनी को दूसरा चुनाव चिन्ह चुनने के लिए राजी कर लिया। दो बार गलती हुई चुनाव अधिकारी से-बता दे कि नपा के चुनाव अधिकारी व एसडीएम अजय सिंह ने चुनावी प्रक्रिया के दौरान दो बार गलती कर डाली। पहली बार उन्होंने तीन बच्चों वाले प्रत्याशियों को चुनाव नहीं लडऩे की हिदायत वाला ब्यान जारी कर दिया। लेकिन बाद में उसे वापिस लिया और अब बिना सूची देखे चेयरपर्सन को गलत चुनाव चिन्ह दे दिया। हालांकि समय रहते एसडीएम ने बात संभाल ली और सब कुछ सामान्य कर दिया।


पूंडरी। पालिका प्रांगण में नारेबाज़ी करते गुड्डी देवी के समर्थक।

**बार-बार कर रहे परेशान**

चेयरपर्सन पद के लिए चुनाव लड़ रही मजबूत प्रत्याशी गुड्डी देवी के पति कुलदीप सैनी ने कहा कि बार-बार उन्हें परेशान करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव लडना सब का अधिकार है लेकिन इस तरह के हथकंडे अपनाकर उन्हें परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा शहरवासी उनके साथ है इसलिए उन्हें किसी चीज का डर नहीं है।



कैथल। गुहला चीका सात दिवसीय शिविर के पांचवे दिन परमानन्द गोयल के साथ युवा। फोटो : हरिभूमि

## प्रदूषण को कम करना हमारी प्राथमिकता : परमानन्द गोयल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुहला-चीका

डीएवी कॉलेज, चीका की एनएसएस इकाई द्वारा गाँव बलबेहड़ा में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का पाँचवा दिन आज सशक्तिकरण/" और हरियाणाविषयों पर केंद्रित रहा।

इस दिन का उद्देश्य युवाओं को महिलाओं की सामाजिक और आर्थिक भूमिका के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के लिए प्रेरित करना था।एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी नीरज सिंह ने युवाओं को महिला सशक्तिकरण के महत्व पर प्रेरक संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि महिलाएं समाज की रीढ़ हैं और उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक रूप से सशक्त बनाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे महिलाओं के अधिकारों और सम्मान के लिए आवाज उठाएं।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पधारे श्री परमानन्द गोयल ने युवाओं को हरियाणा के महत्व और पर्यावरण संरक्षण पर विस्तार से चर्चा की।

उन्होंने कहा, को हरा-भरा बनाने के लिए हम सभी को मिलकर काम करना होगा। पेड़ लगाना, जल संरक्षण और प्रदूषण कम करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे पर्यावरण के प्रति जागरूक रहें और हरित हरियाणा अभियान में सक्रिय भूमिका निभाएं।स्वयंसेवकों ने एनएसएस ढड और मुख्य अतिथि से महिला सशक्तिकरण और हरित हरियाणा पर सवाल पूछे और खुलकर चर्चा की। इससे युवाओं की समझ को और गहराई मिली। इस अवसर पर प्रोफेसर बंटी दास, गजे सिंह व स्टाफ के सदस्य मौजूद रहे ।

## विवाहिता का अपहरण व जानलेवा हमला करने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज. कैथल

विवाहिता का अपहरण व परिवार पर जानलेवा हमला करने के एक मामले की जांच स्पेशल डिटेक्टिव युनिट प्रभारी एसआई रमेश कुमार की अगुवाई में एएसआई मोहन लाल की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गांव लालपुर निवासी मंगत उर्फ मंगु व राजसिंह उर्फ राजू को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव दुसेरपुर निवासी भाना राम की शिकायत अनुसार उसके बड़े बेटे देशपाल ने अपनी मर्जी से 2 दिसंबर 2024 को गांव लालपुर निवासी सरबजीत कौर से लव-मैरिज की थी। इस शादी से लड़की के परिजन सहमत नहीं थे, जिस कारण वे उनसे रंजिश रखते थे। इसी रंजिश के कारण 15 फरवरी को करीब रात के 1 बजे जब उसके पूरा परिवार सोया हुआ था, तो सरबजीत कौर के परिजन 4-5 गाड़ियों व 3-4 मोटरसाइकिलों पर सवार होकर आए और उन्होंने लाठी, डंडों, गंडासी, तलवार व असला के साथ उनके ऊपर हमला कर दिया। इस हमले में उसके छोटे बेटे सोमनाथ के सिर में तलवार लगी है। बेटे देशपाल की बाजू पर गंडासी पर मारी गई और उसकी पत्नी तोषी को भी लाठी-डंडों से हमला कर घायल कर दिया गया। मेरठ निवासी सुक्खा ने उसके बेटे देशपाल को जान से मारने की नीयत से गोली चलाई, लेकिन उसका बेटा बाल-बाल बच गया। आरोपी उसकी पुत्रवधु का अपहरण कर ले गए। जिस बारे में थाना गुहला में मामला दर्ज कर लिया गया। प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा आरोपियों का पीछा करके लड़की सरबजीत को बरामद कर लिया गया था। उपरोक्त आरोपी उक्त वारदात में शामिल थे। आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त बाइक व एक डंडा बरामद हुआ। दोनों आरोपी न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिये गए।



कैथल। आरोपी स्पेशल डिटेक्टिव युनिट पुलिस गिरफ्त में।

## हर घर पहुंचना होगा, जल संरक्षण का संदेश: दीपक कुमार

हरिभूमि न्यूज. कैथल

बुधवार को जल जीवन मिशन के तहत जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन की ओर से अग्रसेन धर्मशाला जखोली अड्डा कैथल में एकदिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन करवाया गया। कार्यशाला में कैथल खंड के 21 गांव के सरपंचों, पंचों, ग्राम सचिवों व स्वयं सहायता समूह ने भाग लिया। कार्यशाला की अध्यक्षता कनिष्ठ अभियंता राहुल कैरों ने की ने की। वहीं प्रशिक्षण कार्यशाला में जिला सलाहकार दीपक कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर जिला सलाहकार दीपक कुमार ने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान में भारत में प्रति व्यक्ति जल उपलब्धता 1,486 घन मीटर रह गई है, जो जल संकट की स्थिति की ओर इशारा करती है। अगर जल संरक्षण के प्रभावी उपाय नहीं अपनाए गए, तो 2030 तक देश में पानी की मांग उपलब्धता से दोगुनी हो सकती है। उन्होंने बताया कि एक सामान्य भारतीय परिवार रोजाना 135 लीटर पानी उपयोग करता है, जिसमें से लगभग 40% पानी बर्बाद हो जाता है। उन्होंने जल संसाधनों के सतत उपयोग, वर्षा जल संचयन, भूजल पुनर्भरण और स्वच्छ जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही बताया कि हर वर्ष भारत में 200 बिलियन क्यूबिक मीटर पानी बर्बाद होता है, जिसे रोकने के लिए स्थानीय स्तर पर सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। कार्यशाला में जल संरक्षण की पारंपरिक और आधुनिक तकनीकों पर चर्चा की गई। प्रतिभागियों को जल बचाने के व्यवहारिक उपायों, जल शुद्धिकरण की विधियों और जल प्रबंधन नीतियों के बारे में जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण कार्यशाला के माध्यम से सभी प्रतिभागियों ने जल संरक्षण के प्रति अपने दायित्वों का अहसास किया और अपने-अपने गांवों में इस संदेश को प्रसारित करने का संकल्प लिया। बीआरसी संदीप कुमार ने ग्राम जल एवं स्वच्छता कमेटी के कर्तव्यों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।


कैथल। उपस्थितजनों को जल जीवन मिशन के तहत प्रशिक्षण देते हुए जिला सलाहकार दीपक कुमार। फोटो : हरिभूमि

### खेड़ी गुलाम अली के अंग्रेजी प्राध्यापक सचिन को जिला शिक्षा अधिकारी ने किया सम्मानित

**कैथल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेड़ी गुलाम अली के अंग्रेजी प्राध्यापक सचिन धीमान को ईअधिगम टीचर में ब्लॉक सीवन और जिला कैथल में प्रथम स्थान आने पर जिला शिक्षा अधिकारी रामदिया गागट व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सरोज दहिया द्वारा सम्मानित किया गया। सचिन धीमान की इस उपलब्धि के लिए स्कूल प्रधानाचार्य हरपाल सिंह ने उन्हें मेडल पहनाकर सम्मानित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा प्रत्येक राजकीय विद्यालय के कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों और अध्यापकों को टैब दिए गए है। टैब के माध्यम से विद्यार्थी घर में शिक्षा ग्रहण करके अपनी कुशलता बढ़ाने के साथ साथ कठिन विषयों की वीडियो देख कर अपने टॉपिक को आसानी से समझ सकते है। प्राध्यापकों द्वारा टैब से विद्यार्थियों का गृह कार्य दिया जाता है। विद्यार्थी टैब पर परीक्षा देते है। छात्रों की टैब के माध्यम से सभी विषयों पर पकड़ मजबूत होने से वार्षिक परीक्षाओं में अच्छे अंकों से परीक्षार्थी उत्तीर्ण होते है। एसएमसी प्रधान राजेंद्र कुमार ने समस्त स्कूल स्टाफ और विद्यार्थियों ने इस उपलब्धि पर प्राध्यापक सचिन धीमान को बधाई दी।


कैथल। डीइओ रामदिया गागट राजकीय स्कूल खेड़ी गुलाम अली के अंग्रेजी प्राध्यापक सचिन धीमान को सम्मानित करते हुए।



### अभिभावक अपने बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखकर उनको पूरा समय दें : मुकेश

**पूंडरी।** ध्रुव पब्लिक स्कूल फतेहपुर-पूंडरी के एमडी मुकेश अहलुवालिया ने कहा है कि इन दिनों में स्कूल परीक्षाओं व नए प्रवेश का समय है, इसलिए बच्चों के साथ अभिभावकों का भी कर्त्तव्य बनता है कि वे अपने बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए उनको पूरा समय दें। बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि आज की भाग दौड़ की जिंदगी में बच्चों की पढ़ाई को लेकर कई बार अभिभावक गलत निर्णय ले बैठते हैं, जिससे बाद में पछताना पड़ता है। उन्होंने कहा कि किसी भी स्कूल अच्छा स्कूल स्टाफ ही अच्छे समाज का निर्माण करने में सक्षम है, क्योंकि यदि स्कूल में अच्छी शिक्षा का प्रबंध होगा तभी जाकर आज के प्रतियोगी युग में बच्चे सफल हो सकते हैं, जिसे तैयार करने की जिम्मेदारी अध्यापक वर्ग की होती है। उन्होंने कहा कि वार्षिक परीक्षा परिणाम बच्चों के जीवन में अगली पीढ़ी चढ़ने की एक कड़ी होती है। इस मौके पर उनके साथ धुव स्कूल की प्राचार्या प्रवीण ढिल्लो, प्रबंधक राजेश परूथी, पुत्र ध्रुव वालिया सहित अन्य मौजूद रहे।

### गांव का सर्वांगीण विकास तभी संभव है जब सभी लोग मिल-जुलकर कार्य करें : वर्मा

**पूंडरी।** गांव फतेहपुर के सरपंच सोहनलाल वर्मा ने समाज में एकता, सहयोग और विकास की भावना को बढ़ावा देने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि गांव का सर्वांगीण विकास तभी संभव है जब सभी लोग मिल-जुलकर कार्य करें और समाज में भाईचारे की भावना बनाए रखें। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने और शिक्षा तथा रोजगार की ओर ध्यान देने की सलाह दी। साथ ही, उन्होंने ग्रामवासियों से स्वच्छता अभियान और जल संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर गांव के विकास और समाज के उत्थान के लिए कार्य करना होगा। आपसी सहयोग और एकता से ही सांच गांव को आदर्श गांव बनाया जा सकता है। उन्होंने सरकार की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता जताई और ग्राम पंचायत की ओर से हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया।


पूंडरी। गांव फतेहपुर के सरपंच सोहनलाल वर्मा अपने समर्थकों के साथ



### छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन

**राजौंद।** नगर के पूंडरी श्री पाश्र्वनाथ स्कूल में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पांचवीं व छठी कक्षा के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सभी विद्यार्थियों ने आकर्षित चित्र बनाए हुए थे। प्रतियोगिता में कक्षा पांचवीं से प्रथम स्थान अनुज, द्वितीय स्थान प्रतीक व तृतीय स्थान हनी ने प्राप्त किया। सभी बच्चे बहुत उमंग उत्साह में नजर आ रहे थे। इस दौरान कक्षा छठी से प्रथम स्थान पर देव रहाए दूसरे स्थान पर आदित्य व तीसरा स्थान भूमिका ने प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल की प्रधानाचार्या सुजाता सिहाग ने बताया कि छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्म 19 फरवरी 1630 को हुआ था और वह एक मराठा योद्धा थे। उन्होंने कहा कि हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए और उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए। इस दौरान सिमरन, पिंकी, अभिलाषा, राखी, रितु, निशा, आशु, आरती सहित स्कूल स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

**मौसम** गांव मोहना में एक्शन एड संस्था व अन्य सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों की बैठक हुई

# लगातार मौसम में बदलाव और तापमान में उतार चढ़ाव नुकसानदायक : सुरेश टांक

- पृथ्वी गर्म हो रही है, जिससे लगातार मौसम में बदलाव तेजी से हो रहा है और वर्षा के पैटर्न बदल रहे है। समुद्र का स्तर लगातार बढ़ रहा है

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पूंडरी

जलवायु न्याय अभियान के दौरान गांव मोहना में एक्शन एड संस्था व अन्य सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों की एक बैठक हुई। सुरेश टांक ने बताया कि जलवायु परिवर्तन से तापमान और मौसम के पैटर्न में दीर्घकालिक बदलाव होने से समुद्र के किनारे बसे लोगों को अधिक खतरा बना हुआ है। ऐसे बदलाव प्राकृतिक ही हो सकते है जो सूर्य की गतिविधियों में बदलाव या बड़े 'वालामुखी विस्फोटों के कारण हो सकते है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन से दूनिया पर पहले ही स्पष्ट प्रभाव पड़ रहा है। पृथ्वी गर्म हो रही है, जिससे लगातार मौसम में बदलाव तेजी से हो रहा है और वर्षा के पैटर्न बदल रहे है। समुद्र का स्तर लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आम जनता परेशान हैं और यह बात समझ से परे है कि फरवरी माह में दोपहर के समय इतनी गर्मी और सुबह व शाम को बहुत शर्दी पडने से आम जन मानस को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, अनेकों लोगों को खांसी, जुखाम, बुखार ने अपनी चपेट में ले लिया है, जिसका शिकार गरीब मजदूर परिवारों व किसान वर्ग के लोगों को होना पड़ रहा है।

जलवायु परिवर्तन से फसलों को भी नुकसान पहुंच सकता है। एक्शन एड एसोसिएशन व अन्य सामाजिक संगठनों की मांग है कि ऐसे जलवायु परिवर्तन से या प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले प्रभावों से निपटने के लिए सरकार द्वारा कड़े फैसले लिए जाने चाहिए और केंद्र सरकार द्वारा कानून बनाया जाना चाहिए कि किसी भी प्रकार की प्राकृतिक आपदाओं से भारत के किसी भी नागरिक को नुकसान होता है तो उसकी भरपाई सरकार द्वारा की जाएगी क्योंकि जलवायु परिवर्तन से बाढ़ और सूखा पडने के खतरे अधिक होते है और जरुरत से ज्यादा गर्मी व सर्दी पडना, बिना मौसम के अधिक बारिश होना और फसलों को नुक्सान पहुंचाना या जरुरत के समय बारिश न होकर सूखा पड़ना, तेज तूफान आना और कच्चे घरों व फलदार पेड़ों को नुक्सान पहुंचाना आदि में भरपाई की जानी चाहिए। इस अवसर पर सलिंद्र मोहना, गोविंद टांक जांबा एच.आर.डी. एक्शन एंड , वकील चौहान, सन्नी एच.आर.डी. एक्शन एंड, ऋषिपाल, जोगिंद्र, वकील सिंहमार आदि मौजूद रहे।


पूंडरी। गांव मोहना में बैठक के दौरान एक्शन एड संस्था व अन्य सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

# निर्धारित समय में निपटाएं जनहित कार्य, कोताही बर्दाश्त नहीं : डीसी



कैथल। वीसी में भाग लेती डीसी और एडीसी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

डीसी प्रीति ने कहा कि अधिकारी समयबद्ध अवधि में जनहित के कार्यों का निपटान करें। किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीसी प्रीति मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी द्वारा राज्यस्तरीय विकास, तालमेल एवं निगरानी समिति की बैठक में की गई 72 एजेंडों पर समीक्षा के बाद जिला स्तर पर अधिकारियों को निर्देश दे रही थी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आदेश दिए हैं कि जनहित से जुड़े निर्देशों को समयबद्ध अवधि में पूरा कर लोगों के कल्याण की दिशा में काम किया जाए। डीसी ने कहा कि सरकार की नीति अनुसार पारदर्शी तरीके से योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। सभी सरकारी कार्यालयों में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए। पुराने रिकॉर्ड व अन्य चीजों को नियमानुसार व्यवस्थित किया जाए। डीसी ने कहा कि कुछ ग्रामीण क्षेत्रों व शहरी क्षेत्रों में साफ-सफाई का स्तर अभी भी संतोषजनक नहीं है। इसीलिए संबंधित अधिकारी गंभीरता से इस दिशा में काम करें और गांव हों या शहर, स्वच्छता का विशेष ध्यान रखते सार्वजनिक स्थलों को साफ-सुथरा बनाकर रखा जाए।

**सूचना**

मैं, गोपी राम पुत्र श्री पोलू राम निवासी गांव सौंगल, तहसील व जिला कैथल बयान करता हूं कि मेरा पुत्र सुरेश कुमार मेरे कहने–सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन–देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**खबर संक्षेप**

### तीन दिवसीय 31वां वार्षिक सत्संग समारोह 21 से

**सफीदों।** परमहंस श्री योग दरबार कुटिया शांत सरोवर सफीदों के तत्वावधान में आगामी 21 से 23 फरवरी तक तीन दिवसीय 31वें वार्षिक सत्संग समारोह का आयोजन नगर की कुटिया शांत सरोवर व महाराजा शूरसैनी धर्मशाला में किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए आयोजक संस्था के प्रतिनिधि ताराचंद भाटिया ने बताया कि इस भव्य आयोजन में संत सुखदेवानंद महाराज का सानिध्य प्राप्त होगा। उन्होंने सिलसिलेवार कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि कुटिया शांत सरोवर में 21 फरवरी को प्रातः 6 से 7 बजे तक श्री रामायण पाठ तथा सायं 4 से 6 बजे तक सत्संग व कीर्तन होगा। अगले दिन कुटिया शांत सरोवर में 22 फरवरी को प्रातः 6 से 7 बजे, सायं 4 से 6 बजे तथा रात्रि 8 से 10 बजे तक सत्संग व कीर्तन होगा। उसके उपरांत 23 फरवरी को नगर की महाराजा शूरसैनी धर्मशाला में प्रातः 11 बजे से 2 बजे तक सत्संग व दोपहर 2 बजे विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे इस समारोह में शिरकत करके सत्संग का लाभ उठाकर संतों के आशिर्वाद प्राप्त करें।

### जूनियर छात्रों ने सीनियर्स को दी विदाई

**जींद।** राजकीय उच्च विद्यालय धनखेडी में दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। मुख्याध्यापक संजीव कुमार ने कहा कि ये सिलसिले आगे भी यूही चलते रहेंगे। विद्यार्थियों को हमेशा अपने उद्देश्य को ध्यान मे रखते हुए उन्नति के पथ पर आगे बढ़ते रहना चाहिए। अपने माता पिता और गुरुजनों का नाम सदा उज्जवल बनाते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि वद्यार्थी का परम मित्र उसकी पढ़ाई होती है। इस दौरान विद्यार्थियों ने अपने अनुभव भी शेयर किए। इस अवसर पर मुख्याध्यापक संजीव कुमार, अनिल, दर्शन, रामकुमार, राजीव, पालेराम और अनंतराम शास्त्री भी मौजूद रहे।

# जींद शहर के लिए साढ़े चार करोड़ स्वीकृत : डा. मिड्ढा

**खास बातें**

- डिप्टी स्पीकर ने ली प्रदूषण अधिकारियों की बैठक
- मुख्य सड़कों की साइडों को पक्का करने व एंटी स्मॉग गन खरीदने के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर एवं भाजपा विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा ने जींद के विकास के साथ-साथ यहां की आबोहवा को जहरमुक्त बनाने की कार्ययोजना तैयार की है।

इस कार्य योजना को सिरे चढ़ाने के लिए डिप्टी स्पीकर ने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड दिल्ली कार्यालय में अधिकारियों की बैठक ली। इस बैठक में जींद की आबोहवा को जहरमुक्त बनाने के लिए मंथन हुआ और लगभग साढ़े चार करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत करवाई। इस राशि से एक्शन प्लान तैयार कर भारत सरकार को भेजा जाएगा ताकि जींद के लोग स्वच्छ हवा में सांस लें।

**शहर में मुख्य सड़कों की साइडों को पक्का करने के निर्देश**

डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि साढ़े चार करोड़ रुपये के एक्शन प्लान के तहत मुख्य रूप से उन कार्यों को अधिमान दिया जाएगा, जो वातावरण में फैले धूल के कणों को नियंत्रित करने में सहायक होंगें। जिसमें मुख्य रूप से शहर में मुख्य सड़कों की साइडों को पक्का किया जाए। इस समय शहर की विभिन्न सड़कों की साइडों को पक्का करने के कार्य प्रगति पर है। बाकी बची हुई सड़कों को भी जल्द ही पक्का किया जाएगा। इसके तहत गोहाना रोड के बचे हुए हिस्से को पांडू पिंडारा फ्लाईओवर तक, गोहाना रोड से पुराने बस स्टैंड वर्कशॉप तक, गोहाना रोड से लघु सचिवालय व दालमवाला अस्पताल से पैराडाइज होटल तक की सड़कों की साइडों को पक्का करने के आदेश नगर परिषद को दिए गए हैं। इससे एक तो शहर की सुंदरता बढ़ेगी दूसरे शहर की वायु गुणवत्ता में भी ईजाफा होगा।

**जल्द से जल्द एंटी स्मॉग गन खरीद करने के निर्देश**



डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने नप अधिकारियों को निर्देश दिए कि वो जल्द से जल्द एंटी स्मॉग गन की खरीद करे। क्योंकि एंटी स्मॉग गन वायु प्रदूषण को कम करने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली एक मशीन है जो पानी की बारीक बूंदों को हवा में छिड़कती है, जिससे प्रदूषण के कण जमीन पर आ जाते हैं। इससे धूल और कणों में अस्थायी रूप से कमी आती है। यह 2.5 माइक्रोन तक के खतरनाक कणों को भी कम कर सकती है।

# योगाभ्यास से हुआ शिविर के दूसरे दिन का शुभारंभ

- शिविर में बतौर मुख्यातिथि रंगकर्मी रवि मोहन ने शिरकत करते हुए स्वयंसेवकों से कहा कि रंगमंच के माध्यम से व्यक्तित्व विकास एवं संचार कौशल को निखारा जा सकता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

नगर के राजकीय पीजी कॉलेज के तत्वावधान में उपमंडल के गांव रत्ताखेड़ा में चल रहे एनएसएस शिविर के दूसरे दिन का शुभारंभ योगाभ्यास से शुरू हुआ। शिविर में बतौर मुख्यातिथि रंगकर्मी रवि मोहन ने शिरकत करते हुए स्वयंसेवकों को रंगमंच के माध्यम से व्यक्तित्व विकास एवं संचार कौशल को निखारा जा सकता है। इस अवसर पर स्वच्छता अभियान को बढ़ावा देने हेतु एनएसएस अधिकारी डा. जयविंद्र शास्त्री एवं महिला एनएसएस अधिकारी रीनू देवी के नेतृत्व में स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को स्वच्छता का संदेश दिया।

## नई दिल्ली की तरफ जाने वाली सुपरफास्ट और एक्सप्रेस ट्रेनें फुल

# प्रयागराज जाने वाली सभी ट्रेनें फुल श्रद्धालओं को अभी करना होगा इंतजार

- रेलवे ने इन ट्रेनों में टिकट बुकिंग ही बंद करी

हरिभूमि न्यूज. जींद

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में स्नान करने को लेकर ट्रेनों में जगह नही बची है। नई दिल्ली की तरफ जाने वाली सुपरफास्ट और एक्सप्रेस ट्रेनें फुल हो गई है। इसके कारण रेलवे ने इन ट्रेनों में टिकट बुकिंग ही बंद कर दी है। ऐसे में लोगों को प्रयागराज जाने के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें दिल्ली की तरफ जाने के लिए पैसेंजर ट्रेनों का सहारा लेना पड़ रहा है। लोगों की ज्यादा भीड़ के चलते रेलवे का राजस्व बढ़ा है और इसमें 20 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हो गई है। महाकुंभ 13 जनवरी को शुरू हुआ था जो कि 26 फरवरी तक चलेगा। महाकुंभ धार्मिकता, आस्था और संस्कृति का एक अनूठा संगम है। इसमें अमृत स्नान और शाही स्नान का विशेष महत्व है। धार्मिक



जींद। रेलगाड़ी में सवार होते यात्री। फोटो : हरिभूमि

मान्यताओं के अनुसार इस पवित्र आयोजन के दौरान गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के संगम में स्नान करने से व्यक्ति को मोक्ष की प्राप्ति होती है। हिंदू ग्रंथों में कुंभ मेले को अमरत्व का मेला कहा गया है।

दिल्ली-बठिंडा रेलवे से गुजरने वाली सुपरफास्ट और एक्सप्रेस ट्रेन आजकल फुल चल रही हैं। इन ट्रेनों में एक भी सीट नहीं बची है। कई ट्रेन तो ऐसी हैं, जिनमें 40 से ऊपर की वेटिंग चल रही है। हालांकि जींद से प्रयागराज के लिए सीधी ट्रेन नही है लेकिन महाकुंभ में स्नान करने के लिए लोगों की भीड़ जुट रही है। लोग सामान्य बोगियों और पैसेंजर ट्रेनों के माध्यम से दिल्ली पहुंच रहे हैं। वहीं से प्रयागराज जाने वाली ट्रेनों से महाकुंभ पहुंच रहे हैं। फिलहाल 12138 पंजाब मेल सुपरफास्ट में 72 वेटिंग चल रही है। इसके अलावा 15910 अवध-असम एक्सप्रेस में 62 की वेटिंग चल रही है। अंडमान एक्सप्रेस में 46, 12455 सराय रोहिला में 31, 01435 धौलाधार एक्सप्रेस में 43, 15909 में 16, पतालकोट एक्सप्रेस में दस की वेटिंग चल रही है। ये ट्रेन पीछे से ही फुल होकर चल रही हैं। जींद से दिल्ली की तरफ जाने वाले यात्रियों को जगह नहीं मिल पा रही है। सामान्य बोगियों में तो खड़ा होने तक की भी जगह नहीं है। ट्रेन नंबर 15910 अवध-असम एक्सप्रेस ट्रेन रात सात बजकर 50 मिनट पर लालगढ़ से चलकर मानसा, जाखलए टोहाना होते हुए सुबह चार बजकर 27 मिनट पर जींद जंक्शन पर पहुंचती है। वहीं ट्रेन नंबर 15909 सुबह दस बजकर 20 मिनट पर डिबूरगढ़ से चलकर बरसोई, समस्तीपुर, हाजिपुर, मुरादाबाद, गाजियाबाद के रास्ते शाम सवा छह बजे जींद जंक्शन पर पहुंचती है। ट्रेन नंबर 16788 तिरुनेल्लवेली एक्सप्रेस रात दस बजकर 25 मिनट पर कटरा से चलकर जम्मूतवी, जालंधर, लुधियाना, धुरी, संगरूर के रास्ते सुबह दस बजकर 26 मिनट पर जींद जंक्शन पर पहुंचती है।

**प्रयागराज के लिए चलाई जाए स्पेशल ट्रेन**

रेलवे ने प्रयागराज में महाकुंभ में स्नान को लेकर यात्रियों की सुविधा को देखते हुए बठिंडा से दिल्ली ट्रैक पर एक भी स्पेशल ट्रेन नही चलाई है। वहीं इस ट्रैक से प्रयागराज के लिए सीधी ट्रेन भी नहीं है। इससे श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। श्रद्धालुओं की मांग है कि जींद से भी सीधी रेल सेवा शुरू की जाए।

**सुपरफास्ट ट्रेनों में वेटिंग बढ़ी**

रेलवे वाणिज्यिक अधीक्षक धीरज ने बताया कि महाकुंभ को लेकर सुपरफास्ट ट्रेनों में वेटिंग काफी बढ़ गई है। इसलिए कई ट्रेनों में कोई सीट नहीं बची है। इससे रेलवे के राजस्व में 20 प्रतिशत तक बढ़ गया है।

**न्यूज डायरी**

### नशा मुक्ति व क्षय रोग के प्रति किया जागरूक



**राजौंद।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजौंद डा. संदीप सिंह की अध्यक्षता में नशा मुक्ति व क्षय रोग बारे बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें खंड राजौंद के सभी आर एम पी एस ने भाग लिया। डा. संदीप सिंह ने बताया कि हमारे समाज में नशा एक गंभीर समस्या है जिससे हमारी युवा पीढ़ी बबार्दी की तरफ जा रही है। इसलिए हमें अपने आस पास नशे के उत्पाद बेचने वालों को समझाएं कि नशा बेचना एक दंडनीय अपराध है। जो हमारे समाज को खोखला कर रहा है। अगर कोई अपराधी किस्म का व्यक्ति नशा बेचता है तो उसकी शिकायत पुलिस को दे। डा. संदीप सिंह ने सभी को नशे के खिलाफ शपथ भी दिलवाई। इसके अतिरिक्त डा. संदीप सिंह ने सभी क्षय रोग के बारे में बताया कि भारत सरकार द्वारा क्षय रोग मुक्त भारत कार्यक्रम चलाया हुआ है। जिसमें अपने जिले में 100 दिन का एक्टिव केस फिडिंग टी बी के संदिग्ध मरीजों के बलगम के सैंपल अपने नजदीकी स्वास्थ्य संस्था में भिजवाएं ताकि जांच करके उनका समय पर इलाज शुरू किया जा सके। इस दौरान स्वास्थ्य निरीक्षक जितेंद्र सिंह व टी वी हैल्थ विजिटर अनील कुमार उपस्थित रहे।

### प्राकृतिक आपदाओं से बचाव को लेकर दी जानकारी



**जींद।** एमडीएन विद्यालय अलीपुरा में एनडीआरएफ टीम ने दौरा किया। टीम के विशेषज्ञों द्वारा बच्चों को भूकंप के दौरान बचावए बाढ़ से सुरक्षा, सिलेंडर में आग एक्सीडेंट जैसी आपदाओं से बचाव हेतु जानकारी दी। सीपीआर टीम ने बच्चों को हार्ट अटैक जैसी खतरनाक बीमारी के उपचार में सीपीआर देने बारे उपाय पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया। टीम इंचार्ज असिस्टेंट कमांडेंट ओपी बिश्नोई सदस्य आशीष, नरेंद्र सिंह, महिलाकर्मी पूनम व अमिता आदि सदस्य मौजूद रहे। जिला जींद आपदा प्रबंधन से नवीन शर्मा ने कार्यक्रम में भाग लिया। स्कूल संचालक योगेश शर्मा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों और शिक्षकों को आपदाओं से बचाव के प्रति जागरूक करते हैं।

### गोशाला की जमीन की निशानदेही करवाने की मांग को लेकर गोसेवकों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**सफीदों।** श्री गणेश घायल एवं विकलांग गऊ रक्षा केंद्र के कार्यकत्राओं ने गऊओं की सेवा करने के लिए नगरपालिका सफीदों द्वारा अलॉट की गई जगह की निशानदेही करवाकर उसमें चारदिवारी करवाए जाने की मांग को लेकर एक ज्ञापन एक ज्ञापन एसडीएम पुलकित मल्होत्रा को सौंपा। ज्ञापन देने आए गौशाला के प्रधान बजिंद्र सैनी, जगबीर सैनी, मनोज, प्रवीन, कमल धीमान, सावन व गोलू सहित अन्य कार्यकम्त्राओं का कहना था कि इस गौशाला में पिछले लगभग 15 सालों से घायल एवं विकलांग गऊओं की सेवा हो रही है।

### राजकीय कालेज और सीआरएसयू के माध्यम समझौता प्रस्ताव पर हुए हस्ताक्षर



**जींद।** राजकीय महाविद्यालय जींद के मनोविज्ञान विभाग एवं चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग के मध्य एक समझौता प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि यह एक बहुत अच्छी पहल है कि इस समझौते के अंतर्गत होने वाली विभिन्न प्रकार की गतिविधियों से हमारे विद्यार्थी और स्टाफ सदस्य दोनों ही लाभान्वित होंगे। महाविद्यालय के विद्यार्थी जब विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित गतिविधियों में भाग लेंगे।

### विद्यार्थियों ने की घोड़ा-बग्गी की सवारी




**राजौंद।** गांव जाखौली के आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए बुधवार का दिन किसी सपने से कम नहीं था। स्कूल के प्रधानाचार्य ओ पी शर्मा की विशेष पहल पर छोटे बच्चों के लिए घोड़ा-बग्गी की सवारी का आयोजन किया गया। छोटे-छोटे बच्चों ने जब पहली बार घोड़ा-बग्गी पर बैठकर सवारी की तो उनकी आंखों में एक अनोखी चमक थी। कोई खुश होकर तालियां बजा रहा था तो कोई हवा में हाथ लहराकर अपनी मासूम खुशी का इजहार कर रहा था। बच्चों के उत्साह और उल्लास को देखकर स्कूल का पूरा वातावरण आनंदमय हो गया। प्रधानाचार्य ओ पी शर्मा ने कहा कि बचपन मासूमियत और खुशियों से भरा होता है। जब ये नन्हे कदम किसी नई चीज का अनुभव करते हैं, तो वह उनके दिलों में हमेशा के लिए एक मीठी याद बनकर बस जाते है। हमारा उद्देश्य केवल पढ़ाई ही नहीं बल्कि बच्चों को जीवन के हर छोटे-बड़े आनंद से जोड़ना भी है। इस आयोजन में स्कूल स्टाफ ने भी बच्चों का भरपूर सहयोग किया और उनकी सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा।



कैथल। डीएसपी बीरभान व एसएचओ सदर ग्रामीणों से बातचीत करते हुए

## पुलिस अधिकारियों ने खुराना स्कूल में बच्चों को नशे के प्रति जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

आमजन के बीच में जाकर उनकी समस्याएं सुनने तथा उनका त्वरित समाधान करने के लिए एसपी राजेश कालिया के नेतृत्व में कैथल पुलिस द्वारा ग्रामीण भ्रमण मुहिम चलाई जा रही है। जिसके तहत एसपी राजेश कालिया सहित सभी डीएसपी व एसएचओ विभिन्न गांवो में जाकर आमजन से मुलाकात करते हुए समस्याएं सुनकर उनका समाधन कर रहे है। बुधवार को डीएसपी बीर भान व थाना प्रबंधक सदर एसआई मुकेश कुमार द्वारा सदर थाना अंतर्गत के गांव खुराना का ग्रामीण भ्रमण किया गया।

इस दौरान डीएसपी बीर भान ने गांव वासियों की समस्याएं सुनी व उनका मौके पर ही निपटारा किया। ग्रामीणों को नशे के प्रति जागरूक करते हुए डीएसपी बीर भान ने कहा कि आज का युवा नशे व अपराधों की ओर ज्यादा अग्रसर है। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि अपने बच्चों को नशे से बचाएं व सामाजिक कार्यो में सहयोग के लिये प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि पुलिस की प्राथमिकता है कि गांव में शांति का माहौल बना रहे और आम जनता में सुरक्षा की भावना बनी रहे।

# सतनाम सिंह बने रिटायर्ड कर्मचारी संगठन के प्रधान, सुखवंत सिंह सचिव नियुक्त

हरिभूमि न्यूज. गुहला-चीका

रिटायर्ड कर्मचारी संगठन हरियाणा खंड गुहला का त्रिवार्षिक चुनाव जिला प्रधान बलवीर श्योकंद की अध्यक्षता में चीका बस स्टैंड पर संपन्न करवाया गया ।सबसे पहले इस अवसर पर उपस्थित संगठन के राज्य महासचिव कुलभूषण शर्मा ने उपस्थित कार्यकतार्ओं को पिछले 3 वर्षों की संगठन की उपलब्धियां के बारे में विस्तार से बताया। तत्पश्चात खंड गुहला के निवर्तमान प्रधान रजवंत सिंह ने पिछले 3 वर्षों का लेखा जोखा प्रस्तुत किया व अपनी कार्यकारिणी का त्याग पत्र दिया। चुनाव पर्यवेक्षक बलबीर सिंह ने चुनाव की कार्रवाई शुरू की जिसमें सर्वसम्मति से सतनाम सिंह को खंड गुहला का प्रधान, रजवंत सिंह को चेयरमैन, सुखवंत सिंह को सचिव,नफे सिंह को वरिष्ठ उपप्रधान, राजेन्द्र सिंह को उपप्रधान,जगतार सिंह को मुख्य संगठन सचिव, गुरमेल सिंह को कोषाध्यक्ष, मलकीत सिंह को प्रचार सचिव चुना गया। जिला प्रधान बलबीर श्योकंद ने नवनियुक्त कार्यकारिणी को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष अशोक कुमार, मोहनलाल शर्मा,जीवन सिंह, वीरभान शर्मा जागीरसिंह, अतर सिंह गुरु चरण सिंह तोड़ा, हरदेव सिंह बलविंदर सिंह प्रवीण कुमार सहित अन्य साथी उपस्थित थे। इस अवसर पर बोलते हुए नवनियुक्त प्रधान सतनाम सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा रिटायर्ड कर्मचारियों की मांगों पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जिसके लिए संगठन लगातार संघर्ष में है। उन्होंने कहा कि कैशलेस मेडिकल सुविधा, 65,70, 75 वर्ष के बाद पेंशन में 5% 10% 15%की बढ़ोतरी, फिक्स्ड मेडिकल भत्ता 1000 से बड़ा कर 3000 करना, फैमिली पेंशनर्स एल टी सी की सुविधा प्रदान करना, व कमयूटेड पेंशन को 15 वर्ष की बजाय 10 वर्षों में रिकवर करना मांगे शामिल है।

उन्होंने कहा कि यदि सरकार रिटायर्ड कर्मियों की मांगों पर कोई ध्यान नहीं देती है तो मजबूरन उन्हें और कड़ा संघर्ष करना पड़ेगा।




गुहला-चीका। रिटायर्ड कर्मचारी संगठन के प्रधान सतनाम सिंह के साथ संगठन सदस्य। फोटो : हरिभूमि

# राजकीय स्कूलों में 21 को मनाया जाएगा अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिलेभर के राजकीय स्कूलों में 21 फरवरी को अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया जाएगा। इसके लिए हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद ने जिला मौलिक शिक्षा अधिकारीए खंड शिक्षा अधिकारी और एफएलएन जिला समन्वयक को पत्र जारी किया है। जारी किए गए पत्र के अनुसार इस दिवस को मनाए जाने का उद्देश्य भाषाई विविधता और सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण के बारे में जागरूकता फैलाना है। परिषद ने 21 फरवरी को होने वाले कार्यक्रम को लेकर निर्देश दिए हैं कि विद्यालय में सुबह के समय प्रार्थना सभा के दौरान अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के महत्व पर चर्चा और अपनी मातृभाषा को बचाने के लिए सामूहिक संकल्प लिया जाएगा। विद्यालयों में एक सामूहिक संकल्प लिया जाएगा। जिसमें विद्यार्थी और शिक्षकगण कहेंगे कि वह अपनी मातृभाषा का सम्मान करेंगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

**उत्सव** प्रियदर्शिनी इंदिरा गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में आयोजन

# दो दिवसीय वसंत उत्सव में हरियाणवी नृत्य के वर्ग में काजल प्रथम तो अंजलि द्वितीय रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

प्रियदर्शिनी इंदिरा गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में दो दिवसीय वसंत उत्सव के दूसरे दिन का शुभारंभ एडीसी विवेक आर्य ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य जयनारायण गहलावत ने की। कार्यक्रम में हरियाणवी समूह नृत्य, क्लासिक्ल सोलो नृत्य एवं हरियाणवी सोलो नृत्य के कार्यक्रम ने समां बांध दिया।

एडीसी विवेक आर्य ने प्रतिभागी छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में शिक्षा हर किसी के लिए अनिवार्य है और विशेषकर छात्राओं के लिए शिक्षा एक हथियार की तरह है, जो उनका समाज में स्तर ऊंचा उठाने में सहयोग करती है। ऐसे कार्यक्रम बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाने व सार्वजनिक मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का एक महत्वपूर्ण जरिया हैं। ऐसे कार्यक्रमों से बच्चे अपनी सांस्कृति से जुड़े रहते हैं। प्राचार्य जयनारायण गहलावत ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने से बच्चे अपनी प्रतिभा निखार सकते हैं तथा कला, साहित्य एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बना सकते हैं। कार्यक्रम में मंच का संचालन डा. राजेश बूरा एसोसिएट प्रोफेसर ने किया एवं निर्णायक मंडल की भूमिका में डा. अमरजीत, डा. प्रतिभा, प्रियंका, डा. पूनम चहल, विक्रम गुप्ता, प्रवीण गुप्ता, आशी मित्तल, एवं मंजू शर्मा ने भूमिका निभाई । प्रतियोगिता में हरियाणवी नृत्य में काजल ने प्रथम स्थान, अंजलि ने द्वितीय एवं प्रिति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। हरियाणवी स्कीट में अंजली एवं ग्रुप ने प्रथम स्थान, प्राप्त किया, ग्रुप नृत्य हरियाणवी में तन्नु एवं ग्रुप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा रंगोली में तमन्ना प्रथम स्थान, किरण ने द्वितीय एवं अंजली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम इस मौके पर अनूप मोर, डा. राजेश बूरा, जितेंद्र कुमार, अजीत सिंह, दिनेश कुमार, डा. रमेश कुमार, डा. रितु मौजूद रही।



जींद। हरियाणवी नृत्य की प्रस्तुति देते हुए छात्राएं। फोटो: हरिभूमि